उददेश्य - इस पाठ के अंत में आप सक्षम होगे

1 नाखून की संरचना की जानकारी

2 नेल डिजीज और नेल डिसआर्डर मे अतंर

3 मेनीक्योर ओर पैडीक्योर की परिभाषा

4 मेनीक्योर / पेडीक्योर के प्रकार की जानकारी

5 कॉन्ट्राएक्शन कान्ट्रा इण्डीकेशन आपटर केयर होम केयर क्या करे क्या न करें

Anatony OF NAIL '(STRUCTURE OF NAIL)

नाखून त्वचा का एक उपाय है इसका तकनीकी नाम आनिक्स है एक सामान्य व्यस्क में नाखून औसतन 1/8 **इंच प्रतिमाह तक बढता है यह कैराटिन प्रोटीन के बने होते है**

नाखून के मुख्य रूप से तीन भाग होते है

1 नेल बॉडी - यह नाखून का एक दृश्य भाग होता हैऔर इसे नेल बेड से जुडी हुयी नेल प्लेट भी कहा जाता है नेल प्लेट का गुलाबी रंग रक्त वाहिकाओ से जुडे होने के कारण होता है नेल प्लेट के आधार पर आधा चंद्रमा जैसी संरचना होती है जिसे लुनुला कहा जाता है



2 NAIL ROOT - **नेल रूट नाखून का आधार है जो त्वचा के अंदर होता है उपक्ति सक्रिय रूप से बढने वाले उतक से होती है जिसे नेल मैट्रिकस कहा जाता है नाखून मैट्रिक्स रक्त वाहिकाओ ओर तंत्रिकाओ से समृध्द होता है यह बालो के पैपिला के समान है यह नाखून को पोषण देता है।**

3 FREE EDGE - **नाखून के बढे हुये भाग को फ्री एज कहते है इसमे कोई रंग नही होता है रक्त नलिकाओ से जुडे न होने के कारण इसे काटने पर दर्द नही होता है इसे हम अपनी इच्छानुसार काटकर शेप दे सकते है**

क्लासिफिकेशन एण्ड आइडेन्टीफिकेशन ऑफ नेल डिसआर्डर एण्ड नेल डिजीज -



क्लांइट को मैनीक्योर पैडीक्योर देने से पहले एक मैनीक्योरिस्ट पैडीक्योरिस्ट को नाखून के विकारो और रोगो के बीच के अंतर के बारे मे पता होना चाहिए उनकी पहचान और वर्गीकरण का आधार तदानुसार चुना जा सकता है।



NAIL DISORDERS **नाखून के विकार समस्याये**

निम्न लिखित कुछ नाखून के विकार है जिनका इलाज सैलून मे किया जा सकता है

1 हाइपरट्रोफी - नेल प्लेट का मोटा होना हाइपरट्राफी कहलाता है इसमें नाखून का विकास रूक जाता है यह अधिकतर पैर के नाखूनो मे होती है समस्या को नियमित रूप से मैनीक्योर पैडीक्योर द्वारा ठीक किया जा सकता है चित्र

2 ऑनिकेट्राफिया - इस विकार मे नाखून अपेक्षाकृत अधिक पतला हो जाता है यह कैरोसीन की कमी खराब रक्त परिंसचरण डायबिटीज आदि के कारण होता है इस समस्या के होने पर हाथो को गर्म पानी में नही डुबोना चाहिए और रात मे सोने से पहले जैतून के तेल से नाखूनो की मसाज करनी चाहिए



3 ऑनिको फागी - प्राय इसे नेल बाइटिग के नाम से भी जाना जाता है जो

घबराहट तनाव ओर असुरक्षा के कारण होता है इसमें व्यक्ति अपने नाखूनो को दांतो से काटता है इसे छिपाने के लिए पार्लर मे कृत्रिम नाखूनों का प्रयोग किया जाता है चित्र 5



4 ब्राइटल नेल्स नियमित मैनिक्योर में प्रयोग होने वाले टूल्स जैसे क्यूटिकल कटर प्रशर क्लीनर आदि के गलत प्रयोग से नाखून भंगुर हो जाते है नाखून काटने के लिए नेल कअर नेल कैची से बचे नाखूनो की लम्बाई कम करने के लिए सिथेटिक एर्मी बोर्ड का प्रयोग करें।

5 स्पून शेप या कोइलोनीचिय - यह चम्मच की तरह होता है नाखून की सतह समतल पतली या हाइपरसाफट हो जाता है जिसके कारण चिडचिडापन एनीमिया तेल और क्रीम का अतयधिक सम्पर्क होता है इसका समाान्य मैनीक्योर के साथ इलाज किया जा सकता है साथ ही क्लाइन्ट को छोटे नाखून रखने की सलाह देनी चाहिए इस प्रकार के नाखूनो को एमी बोर्ड से हल्के हल्के फाइल करना चाहिए

6 ब्यूज लाइन और राइजेज ब्यूकी रेखा या लकीरे - नाखून का यह विकार लम्बी बिमारी दवाओ के सेवन गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक परहेतज आदि के कारण नाखून की प्लेट पर क्षैतिज रेखाये हो जाती है इसका कारण बनने वाले सभी कारणो से बचकर इसका इलाज किया जा सकता है।

7 ब्लू मेल - नीले नाखून भी एक विकार है कईबार यह स्थिति नाखून पर चोट लगने या डाई के रियेक्शन से नेल प्लेट नीले रंग की हो जाती है इसके उपचार के लिए नियमित रूप से मैनीक्योर कराने ओर मसाज से यह समस्या समाप्त हो जाती है। चित्र 7





नेल डिजील (नाखून से सम्बन्धित बिमारी)नाखून की कई बीमारिया है जो इस प्रकार है और जिनका इलाज सैलून मे नही किया जा सकता है इसलिए इन्हे चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

1 ओनीकोलाइसिस - इसमें नेल प्लेट एंव नेल बेड एक दूसरे से अलग हो जाते है नाखून के मुक्त किनारें हुड या कॉयल की तरी ही बढते है नाखून की प्लेट सफेद रंग की हो जाती है जो कि साबून के पानी फंगस संक्रमण या वैक्टीरिया के संक्रमण के अधिक संपर्क मे आने दवाओ की प्रतिकूल प्रक्रिया के कारण होती है ऐसे क्लांइट का मैनीक्योर न करें और डा० के पास जाने की सलाह दें चित्र 8



2 ऑनिकोमायकोसिस - इस बिमारी को टीनिया ऑनिकोमाइकोसिस कहा जाता है जो कि रिंग वर्म के कारण होता है इस बिमारी मे नेल प्लेट सड कर अलग हो जाती है जो कि उन पर जीवियों के कारण होती है जो फ्री एज वाले क्षेत्र से गुजरते है और इसमें फैलते है चित्र 9



3 ओनिकोटिलोमेनिया - यह एक नाखून रोग है जिसमें व्यक्ति अपनी नेल प्लेट को कैंची फाइलर या किसी धातु के औजार से नुकसान पहुचाता है जो कि मनोवैज्ञानिक समस्या के कारण होता है इसलिए किसी मनोचिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।

इस तरह की समस्या मे नाखूनो को छोटा रखें

4 पैरोनीशिया - यह नाखून के चारो और संरचनाओ का एक तीव्र संक्रमण है इसमें नाखून के आस पास सूजन और मवाद देखा जा सकता हे ऐसी स्थिति मे पार्लर मे उपचार न देकर चिकित्सक के पास जाने की सलाह देनी चाहिए



5 नेल पाइटिग - आमतौर पर पैराओनचिया डर्मेटिसिस सोराइसिस और एलोपीसिया एक्टा के कारण होने वाली नेल प्लेट की सतह पर देखा जा सकता है

ऐसे रोगी को चिकित्सक के पार भेजना चाहिए



6 आनिकोक्रिपटोसिस - इसे इनग्रोन नेल के नाम से भी जाना जाता है यह एक ऐसी स्थिति है जिससमे नाखून के आसपास के नरम उतको मे बढते जाते है विशेष रूप से यह पैर के नाखून को प्रभावित करते है इसमें दर्द और सूजन एक साथ होता है चौडे और सख्त नेल टाइट जूतो का प्रयोग नाखूनो को समय पर न काटना आदि के कारण यह समस्या उत्पन्न होती है इसमें क्लांइट को चिकित्सक के पास जाने की सलाह देनी चाहिए।

7 पैरोनीशिया - यह नाखून के चारो ओर संरचनाओ का एक तीव्र संक्रमण है मैनीक्योर करने से संक्रमण ओर अधिक बढ सकता है साथ ही मैनीक्योरिस्ट भी इस सक्रामक बीमारी से पीडित हो सकती है इसमें नाखून के आस पास सूजन और मवाद देखी जा सकती है इसमें क्लाइट को चिकित्सक के पास जाने की सलाह देनी चाहिए।

मैनीक्योर की परिभाषा और उददेश्य

परिभाषा मैनीक्योर लैटिन भाषा को मानुस ओर क्यूरा से बना है जिसमे है हाथ और नाखून व क्यूरा का अर्थ है देख्भाल इसलिए हाथो और नाखूनो की देखभाल को मैनीक्योर कहा जाता है

मैनीक्योर का उददेश्य -

1 नाखूनो की सफाई और नेल शेपिग के लिए

2 हाथो ओर नाखूनो की देखभाल के लिए

3 हाथ और नाखूनो से कोशिकाओ को हटाने के लिए

4 रक्त परिसंचरण मे सुधर करने के लिए

5 नाखूनो को अलग अलग तरह से डेकोरेट करने केलि ए

6 हाथों को आराम देने के लिए

7 नाखनूो कीसमस्याओ को दूर करने के लिए

TYPES OF MANICURE मैनीक्योर के प्रकार

1 PLAIN MANICURE

2 HOT OIL MANICURE

3 FRENCH MANICURE

4 PARAFFIN WAX MANICURE

5 ELECTRIC MANICURE

1 PLAIN MANICURE यह एक साधारण प्रकार का मैनीक्योर है जिसमें मैनीक्योर के सामान्य और आवश्यक कदम शामिल होते है जैसे हाथों ओर नाखूनो की सफाई नाखूनो को आकार देना हाथो ओर नाखूनो की मालिश और नाखून वर्निश शमिल है।

2 हॉट आयल मैनीक्योर - यह आमतौर पर उपचार के लिए प्रयोग किया जाता हे यह क्लांइट के रूखे खुरदरे हाथ्नो की स्थिति को ठीक करने के लिए किया जाता है इस प्रकार की स्थिति को ठीक करने के लिए किया जाता है इस प्रकार की स्थिति को ठीक करने के लिए तेलो का उपयोग किया जाता है साथ ही इन्फ्रा रैड लैंप का प्रयोग किया जाता है यह प्लेन मैनीक्योर की तरह ही होता है बस इसमें पानी की जगह तेल का प्रयोग होता है

3 फ्रेंच मैनीक्योर - प्ल्ेन मैनीक्योर की तरह ही है बस इसमे नाखूनो की शेप गोल आकार की न देकर चौकोर आकार कह देते है और नाखूनो के बढे हुये फ्री एज वाले भाग को व्हाइट पेसिली या व्हाइट स्टीकर लगाकर शो किया जाता हे बाकी नेल प्लेट पर बेस कोट या लाइट पिंक कलर किया जाता है।

4 पैराफिन वैक्स मैनीक्योर - सामान्यत उन लोगो के लिए होता है जिनके हाथ शुष्क अथवा अत्यधिक कार्य करने के कारण कठोर हो चुके होते है इसमें प्लेन मैनीक्यारे करने के पश्चात पैराफिन वैक्स को टिशु सिट्रप मे लगाकार हाथो पर लपेटा जाता है इससे हाथो को अतिरिक्त नमी मिलती है जिससे त्वचा लम्बे समय तक नम रहती है।

5 इलैक्ट्रिक मैनीक्योर मे मे इलैक्ट्रिकल मैनिकयोर सेट का प्रयोग होता है इस मैनीक्ोर सेट के सभ अटैचमेअ विघुत रूप से संचालित होते है इसलिए इस प्रकार के मैनीक्योर सेट को संचालित समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

tools and equipment & product knowledge

औजार तथा समान

1 क्लाइंट चेयर

2 मैनीक्योर स्टूल

3 मैनीक्योर टैबल

4 मैनीक्योर ट्राली

5 इन्फ्रारैड लैम्प

6 हॉट प्लेट

7 दो माध्यम आकार के टॉवल

8 इलैक्ट्रिक मैनीक्योर सेट

10 क्यूटिकल कटर

11 ऑरेन्ज वुड स्टिक

12 एर्मी बोर्ड

13 मैग्नीफाइग ग्लास

14 नेल ब्रश

15 स्पैचुला